तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



04 बारगांव से 8 हॉकी खिलाड़ियों का राज्य ..





04 महंत रामगोपाल दास महाराज छत्तीसगढ़ ..




## खबर संक्षेप

### शेयर ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि हनोदा निवासी गोवर्धन साहू ने पद्मनाभपुर में लिखित शिकायत की थी। प्रारंभिक जांच के बाद यह कार्रवाई की गई। आरोपी विजय कोसरे ने ट्रेडिंग कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 6 नवंबर 2023 से 3 अप्रैल 2024 तक चेक के माध्यम से 12.50 लाख रुपए लिए। विजय कोसरे की पूछताछ करते हुए पहले उसके उमरपोटी स्थित निवास में पहुंची, जहां से पता चला कि वह रुआबांधा में कही किराए का मकान लेकर निवास कर रहा है। वहां पता चला कि वह मोहन नगर क्षेत्र में अपने दोस्त के घर में छिपा हुआ है। आरोपी की घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बहरहाल मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### विद्युत तार की चपेट में आने से तीन भैंसों की दर्दनाक मौत

**कुम्हारी।** यहां तीन भैंसें बिजली तार की चपेट में आने से मौत का शिकार हो गईं। जानकारी के मुताबिक विगत 8 अक्टूबर को कुम्हारी के लट्टी बाबा चौक निवासी संतोष यादव (पप्पू) की तीन भैंसें खारुन नदी किनारे स्थित एक फार्म हाउस में घास खा रही थी तभी वहीं पास ही विद्युत पोल से जमीन पर पड़े हुए तार की चपेट में आने से मौके पर पर ही तीनों भैंसों की मौत हो गई। इसकी लिखित जानकारी संतोष यादव ने स्थानीय थाने और विद्युत विभाग को दे दी है। मामले में जांच जारी है।

### दहेज के लिए प्रताड़ना, पति, सास-ससुर और देवर के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में महिला थाना पुलिस ने अंकिता वर्मा की शिकायत पर उसके पति अंकित, सास कंचन, ससुर गोविंद प्रसाद और देवर अर्पित के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 498 ए, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने बताया कि अंकिता की लिखित शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उनका विवाह 27 नवंबर 2022 को अंकित से हुआ था। शादी के दो महीने बाद से ही उसके पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। बार-बार ताना मारा करते थे कि पिता बीएसपी में है, सोचा था अच्छा दहेज मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जबकि शादी के समय उनके पिता ने सोने-चांदी के जेवरात, नकद सहित उपहार के मिलाकर 11.18 लाख रुपए का सामान दिया था।

# खरीफ गिरदावरी और डिजिटल क्रॉप सर्वे का प्रकाशन शुरू

## किसान 14 तक करा सकेंगे त्रुटि सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए गिरदावरी और डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) के प्रकाशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रशासन ने सभी 425 ग्राम पंचायतों में किसानों की फसल संबंधी जानकारी को सार्वजनिक करना शुरू कर दिया है। जिले के 678 ग्रामों में डीसीएस के माध्यम से तथा 30 ग्रामों में मैन्युअल रूप से गिरदावरी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इन सभी फसलों के विवरण को ऑनलाइन भुईया पोर्टल में भी दर्ज कर दिया गया है। सभी ग्राम पंचायतों में गिरदावरी और डीसीएस सूचियों का प्रकाशन किया जा रहा है और किसानों को जानकारी देने के लिए ग्राम सभाओं में इन सूचियों का पठन भी कराया जा रहा है। किसानों की सुविधा के लिए सूची की एक प्रति ग्राम पंचायत भवन में चस्पा की गई है। किसानों को सूचित किया गया है कि वे अपनी फसल संबंधी जानकारी ऑनलाइन भुइया पोर्टल पर (गूगल में सीजी भुइया सर्च करके) या ग्राम पंचायत भवन में चस्पा सूची में देख सकते हैं।

यदि किसी किसान को फसल के नाम, रकबा या खसरा विवरण में कोई त्रुटि मिलती है, तो वे दिनांक 14 अक्टूबर तक संबंधित पटवारी कार्यालय या तहसील कार्यालय में सुधार के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।यह कार्य सभी किसानों के खाते को एग्रिस्टेक पोर्टल पर पंजीकृत करने में भी मदद करेगा।



### धान फसल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी

प्रकाशित सूची में केवल धान फसल को छोड़कर अन्य फसलों या पड़त भूमि दर्ज खसरा नंबरों का विवरण ही दर्शाया गया है। जिन खसरा नंबरों का विवरण सूची में नहीं है, उनमें धान फसल पहले से दर्ज माना गया है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि वे प्रकाशित गिरदावरी सूचियों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें और समयसीमा के भीतर सुधार हेतु आवेदन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि यह पारदर्शिता किसानों को आगामी समर्थन मूल्य खरीदी, कृषक उन्नति योजना और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने में सहायक होगी।

## कटाई पर ब्रेक, रंग और वजन घटेगा, कीटों की दावत शुरू, रबी की तैयारी भी टली

# बारिश ने धान की तैयार फसल को कीचड़ में डुबोया, किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़ (बेमेतरा)

शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे हुई एक घंटे की झमाझम बारिश ने नवागढ़ और आस-पास के गांवों के किसानों की चिंताओं को कई गुना बढ़ा दिया है। कटाई के लिए तैयार खड़ी धान की फसल खेतों में भर गए पानी और तेज़ हवा के चलते पूरी तरह कीचड़ में लेट गई है। 'महामाया', 'हरहुना' और 'सर्ना' जैसी किस्में अब पानी में डूब चुकी हैं। किसानों के अनुसार, 'सर्ना' धान का तो फूल भी झड़ गया है, जिससे उपज पर सीधा और बड़ा असर पड़ने की आशंका है।

**बढ़ेगा खर्च, घटेगा मुनाफा:** किसानों ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा, /"धान सो गया है, अब यह रंग जाएगा, वजन घटेगा और कटाई का खर्चा बढ़ेगा। खेतों में पानी भर जाने और कीचड़ फैलने से हार्वेस्टर और ट्रैक्टर जैसे कृषि उपकरण बुरी तरह फंस रहे हैं, जिससे कटाई में भारी विलंब होगा और लागत में वृद्धि होगी। कृषि विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर बारिश का सिलसिला जारी रहा, तो धान के दानों में खेत में ही अंकुरण (स्प्राउटिंग) शुरू हो सकता है, जिससे पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी।

### किसानों का दर्द

कृष्णा यादव नवागढ़ ने बताया की धान गिर गया, अब मशीनें भी फंस रही हैं। लागत बढ़ेगी और मुनाफा घटेगा। किसान कहां जाएगा? दुर्जन साहू नेवशा ने कहा की पहले सूखा डराता था, अब बारिश डरा रही है। खेती का बैलेंस समझना भगवान के लिए भी मुश्किल हो गया। बारिश ने सिर्फ फसल नहीं गिराई है, बल्कि किसानों का मनोबल भी गीला कर दिया है। अब खेतों के साथ किसान भी धूप और मौसम का इंतज़ार कर रहे हैं, ताकि फसल उठे और उम्मीदें फिर हरी हों।



### लेट वैरायटी पर कीटों का हमला

लगातार नमी और गीली मिट्टी ने खेतों में ताना छेदक, पेनिकल अटैक और भूरा माहू जैसे कीटों की सक्रियता बढ़ा दी है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि लेट वैरायटी के धान पर इन कीटों का खतरा सबसे अधिक है। किसान चंद्रपाल साहू ने निराशा में हंसते हुए कहा, धान गिरा तो कीटों की पार्टी शुरू हो गई, अब दवाई डालो और दाम भी घटाओ। विशेषज्ञों ने किसानों को मौसम खुलते ही तत्काल कीटनाशकों का छिड़काव करने की सलाह दी है।

### रबी फसल की तैयारी भी टली

धान कटाई में इस अप्रत्याशित देरी का सीधा असर रबी की फसलों गेहूं, चना, मसूर और तिवरा की बुवाई पर पड़ेगा। किसान अब आसमान की ओर टकटकी लगाए हैं कि खेत जल्द सूखे, ताकि वे फसल काटकर अगली तैयारी शुरू कर सकें।

### कृषि विभाग की सलाह

1. जल निकासी: खेतों से तुरंत पानी निकालने की व्यवस्था करें।
2. पौधे न सीधा करें: गिरे हुए पौधों को जबरन सीधा करने का प्रयास न करें, इससे जड़ें सड़ सकती हैं।
3. कीटनाशक: मौसम साफ होते ही तत्काल कीटनाशक का छिड़काव करें।
4. रबी की तैयारी: रबी फसल की तैयारी पहले से रखें, ताकि मौसम खुलते ही बुवाई का काम शुरू हो सके।

### डिजायनिंग दीयों और लक्ष्मी प्रतिमाओं की मांग बढ़ी



**बेमेतरा।** दीपावली को लेकर ग्रामीण अंचल में मिट्टी का बर्तन बनाने वाले कुम्हार दिन-रात काम कर रहे हैं , ओर पर्व के लिए इस बार डिजाइनर दीप भी बना रहे हैं जो धीरे-धीरे बाजारों में आना शुरू हो गया है इसके अलावा लक्ष्मी की मूर्तियां भी बना रहे हैं।

नवरात्र उत्सव के समाप्ति के साथ ही कुम्हार माता लक्ष्मी तथा दीप के निर्माण में जुटे हुए हैं। कुम्हारों को उम्मीद है कि अब उनका पुस्तैनी कारोबार फिर से लौट आएगा। दीपावली पर इस बार लोगों के घर ,आंगन, मिट्टी के दिए से रोशन होंगे। बाजार में भी मिट्टी के दिए बिकने के लिए पहुंच गए हैं। खरीदारी भी शुरू कर दी है । इस बार कुम्हारो ने पारंपरिक दिए के साथ ही डिजाइनदार दीप ज्यादा बनाए हैं। चाइनीस झालर वी मोमबत्तीयों की चकाचोंध ने दियों के प्रकाश को गुमनामी के अंधेरे में धकेल दिया था। कुम्हारों के बने दीप की रोशनी कम हो गई थी। लेकिन पिछले दो वर्षों से लोगों की सोच में खासा बदलाव आया है और एक बार फिर गांव की लुप्त होती इस कुम्हारी कला के पटरी पर लौट के संकेत मिलने लगे हैं। कुम्हारी कला से निर्मित खिलौने, दिए ,सुराही व अन्य मिट्टी के बर्तनों की मांग बड़ी तो कुम्हारो के चेहरे खिल गए ,लेकिन अब मिट्टी के दियों व बच्चों के खिलौने खूब बिक रहे हैं। अब फिर से गांव व बाजारों तक में दिखने लगे हैं। मिट्टी से निर्मित होने वाले बर्तनों का उपयोग शुरू होने से पर्यावरण भी सुरक्षित हो रहा है। इस बार दीपावली में मिट्टी के सामानों की मांग बड़ी है ।

## केज व्हील लगे ट्रैक्टर अब सड़कों पर नहीं चलेंगे, पकड़े जाने पर होगी चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अब खेतों में जुताई या मिट्टी पलटने के कार्य में उपयोग होने वाले लोहे के केज व्हील लगे ट्रैक्टर अगर सड़क या सीमेंट रोड पर चलते पाए गए, तो उनके संचालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही की जाएगी। परिवहन विभाग ने इस संबंध में सख्त रुख अपनाते हुए प्रदेश के सभी जिला परिवहन अधिकारियों (आरटीओ) को निर्देश जारी किए हैं कि ऐसे वाहनों को सड़कों पर चलने से रोका जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। यह निर्णय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में दायर एक जनहित याचिका के बाद लिया गया है। याचिका में उल्लेख किया गया था कि कृषि उपयोग के लिए बनाए गए ट्रैक्टरों को सड़कों और राजमार्गों पर अनधिकृत रूप से चलाया जा रहा है। खेतों में जुताई या मिट्टी पलटने के



दौरान जिन लोहेनुमा पिंजरे जैसे पहियों (केज व्हील) का उपयोग किया जाता है, वे जब सड़क पर चलते हैं तो सड़क की सतह को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। इसके साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। ऐसे ट्रैक्टरों का सड़क पर संचालन मोटरयान अधिनियम एवं नियमों के विरुद्ध माना गया है।

जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भागर ने जिले के समस्त कृषक जनों से अपील की है कि खेतों में मिट्टी पलटने या जुताई के दौरान केज व्हील का उपयोग केवल खेतों में ही करें। सड़क पर ट्रैक्टर चलाने से पहले इन पहियों को ट्रैक्टर से अवश्य निकाल दें। इससे सार्वजनिक संपत्ति अर्थात सड़कों की सुरक्षा बनी रहेगी और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। अपील के बावजूद यदि कोई व्यक्ति केज व्हील लगे ट्रैक्टर को सड़कों या राजमार्गों पर चलाते हुए पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रतिबंधित पॉलिथिन का धड़ल्ले से हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 3 वर्ष पहले हुआ था बैन, दिशा निर्देश हो रहे दरकिनार

सिंगल यूज प्लास्टिक बैन हुए 3 वर्ष बीत गए फिर भी लोग धड़ल्ले से इसका उपयोग कर रहे हैं। पालिका प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्यवाही भी की जा रही है; लेकिन शहर के लोगों में जागरूकता की कमी देखी जा रही है, कार्रवाई के बावजूद लोग बेखौफ प्लास्टिक की खरीदी बिक्री कर रहे हैं! इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रमों में प्लास्टिक के कप, प्लेट, डिस्पोजल धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है ,इस प्रकार शासन के दिशा निर्देश की धज्जियां उड़ाई जा रही है ,बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा बीते 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाया गया है, जिसके बाद कई क्षेत्रों में बैन हुए प्लास्टिक का उपयोग कर रहे लोगों पर कार्रवाई भी की गई! वहीं शहर में भी पालिका द्वारा कार्यवाही की गई फिर भी शहर में जमकर खरीदी बिक्री और उपयोग हो रहा है ,खासकर विवाह,त्योहारी सीजन आदि कार्यक्रम में जमकर प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग हो रहा है शहर के मुख्य बाजार सहित दुकानों में भी प्रतिबंधित हुए प्लास्टिक बिक रहे ,सिंगल यूज प्लास्टिक में प्लेट का गिलास, ईयरबड, गुब्बारे की प्लास्टिक झंडे, कैंडी, स्टिक ;आइसक्रीम स्टिक, थर्मोकोल ,कांटे चम्मच, चाकू पुआल, ट्रे, सिगरेट के पैकेट शामिल है।



### कई स्थानों पर प्लास्टिक का ढेर

शहर के कई स्थान ऐसे हैं जहां प्लास्टिक का कचरे का ढेर देखने को मिल रहा है खासकर के शहर के दोनों शराब दुकानों के आसपास प्लास्टिक कचरा, उपयोग हुए डिस्पोजल, पानी पाउच आदि का भारी मात्रा में ढेर लगा है जो आसपास क्षेत्रों में फेल भी रहा है, हालांकि पहले पालिका द्वारा मुहिम चलाकर कार्यवाही की गई थी, फिर भी लोग जागरुक नहीं हो रहे हैं और प्लास्टिक वस्तुओं का जमकर उपयोग कर रहे हैं आगे दरकार है कि पालिका फिर से सख्त कार्यवाही करने की मुहिम दीपावली पर्व में चलाएगी ताकि शहर साफ सुथरा रहे।

## मरौद में विराट मानस दर्शन महोत्सव का भव्य आयोजन

# गौ सेवा सनातन धर्म का मूल, राम कथा जीवन दर्शन है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम मरौद में आयोजित विराट मानस दर्शन महोत्सव संत संगम एवं भव्य रामायण मेला में प्रदेशभर से श्रद्धालु, संत, कथा व्यास एवं मानस परिवारों ने सहभागिता निभाई। इस भव्य आयोजन में दीपक गुहा क्र नेतृत्व छत्तीसगढ़ क्र सभी मानस संघ के साथ बेमेतरा जिले के मां भद्रकाली जिला मानस संघ ने भी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराते हुए धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन के प्रथम दिवस राष्ट्रीय संत स्वामी श्रीमद् ज्योतिर्मयानंद सपाद लक्षेश्वरधाम सलधा, पूज्या भक्तिप्रभा दीदी वृंदावन तथा अंतिम दिवस की मुख्य अतिथि के रूप में दीदी मां मंदाकिनी रामकिंकर अयोध्या धाम ने



उपस्थित रहकर संतवाणी से श्रद्धालुओं को आलोकित किया। दण्डी स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद महाराज ने कहा जब तक गौ माता सुखी नहीं होगी, तब तक कोई भी सुखी नहीं रह सकता। गौ माता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास है। इसलिए उनका संरक्षण सनातन धर्म का मूल कर्तव्य है। पूज्या भक्तिप्रभा दीदी ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कथा को केवल कहना नहीं, उसे जीना जरूरी है। राम कथा जीवन दर्शन है मनुष्य के भीतर के रावणत्व को जलाना ही सच्ची साधना है। जिसने भगवान से प्रेम किया है वह कभी भटका नहीं। गुरु को जानने से बड़ा, गुरु को मानना होता है। दीदी मां मंदाकिनी रामकिंकर ने कहा श्रीरामचरितमानस एक शाश्वत दर्पण है। इसमें जो स्वयं का दर्शन कर लेता है उसका सारा भ्रम समाप्त हो जाता है। यही मानस दर्शन जीवन की पूर्णता का मूल मंत्र है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस महायज्ञ में मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के पदाधिकारीगणों ने पूरे उत्साह से सहभागिता निभाई। संघ के जिलाध्यक्ष देवलाल सिन्हा सहित पदाधिकारी माखन साहू, छगन लाल साहू, उत्तम साहू, दिलीप टिकरिहा नरेन्द्र जायसवाल, बिहारीलाल यादव, महेश कुमार साहू, विष्णु साहू, एमडी धीवर, गजेंद्र वर्मा, डॉ. ओमकार चन्द्राकर, पिन्टु पटेल, रामेश्वर साहू, खेलन सिंह राजपूत, ठोकेलाल देवांगन, दिलीप टिकरिहा, राजेश वैष्णव, महेंद्र चौहान, ओम यद्दु, कल्याणी सेन, राजेन्द्र साहू, सुरेश साहू , रवि मानिकपुरी, विनोद साहू, पप्पु लोकेन्द्र सेन, डाकवर साहू, सीता पाटिल, बेबी साहू, ईश्वर चन्द्राकर, श्रवण कुमार एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति एवं सहयोग उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर बेमेतरा की भजन गायक नरेंद्र साहू बेबी साहू तथा ठोकेलाल देवांगन का मंच पर सम्मान किया गया, जिससे जिले का मान बढ़ा।

### पुरस्कार व सम्मान से निखरा आयोजन

आयोजन में 15 विशेष व्यक्तित्वों एवं संस्थाओं को अलंकृत किया गया। जिसमें माँ कौशिल्या सेवा सम्मान माँ कौशिल्या मंदिर सेवा समिति चंदखुरी रायपुर अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा, गालव साहू व समिति माँ दंतेश्वरी सेवा सम्मान खिम्मन लाल सिन्हा, दंतेवाडा तुलसी विभूषण अवार्ड श्रद्धेव नीलकंठ ठाकुर, दुर्ग उत्कृष्ट उद्घोषक सम्मान त्रेता चन्द्राकर, बालोद उत्कृष्ट जिला संयोजक सम्मान डॉ. ने एल देवांगन, धमतरी मातृ शक्ति सम्मान दीप्ति पांडे जी जगदलपुर युवा प्रकल्प सम्मान नोमेश सिन्हा कांकेर उत्कृष्ट मातृसंयोजक सम्मान महेशवरी वर्मा खैरागढ़ आदर्श अभिभावक सम्मान किशोर रावटे, अरुणा रावटे, मानस कलारत्न सम्मान लोककलाकार संरक्षण समिति बागबाहरा, महासमुंद मानस रत्न सम्मान 2025 राजेश स्वर्णकार, राजनांदगांव ग्राम गौरव सम्मन मानस दर्शन कार्यकारिणी समिति मरौद उत्कृष्ट संयोजक सम्मान क्रे क्रे सिन्हा दुर्ग विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष प्रस्तुति बाल लोक गायिका आरू साहू, नंदकुमार साहू खैरझिटी एवं फनू बौरागी कबीरधाम द्वारा दी गई।

## रमेश यादव बने विकासखंड स्तरीय समिति के अध्यक्ष

**नवागढ़।** गौ संरक्षण और सेवा को मजबूत बनाने के लिए गौ सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ ने नवागढ़ ब्लॉक में विकासखंड स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति के अध्यक्ष के रूप में नवागढ़ के रमेश यादव को चुना गया है। इसका उद्देश्य गायों की देखभाल, संरक्षण और समाज में जागरूकता फैलाना है।



रमेश यादव लंबे समय से समाज सेवा और गौ संरक्षण में सक्रिय रहे हैं। वे बजरंग दल के सदस्य बजरंगी और नवागढ़ प्रखंड के संयोजक रह चुके हैं। आरएसएस से क्षा लेने के बाद वर्तमान में नवागढ़ मंडल कार्यवाह का दायित्व निभा रहे हैं। इसके अलावा, वे छत्तीसगढ़ गौ क्रांति मंच में जिला गौ रक्षा प्रमुख और वर्तमान में गौ सेवा आयोग के समिति में नवागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष भी हैं। गौ सेवा में रमेश यादव की निष्ठा के कई उदाहरण हैं। उन्होंने एक्सिडेंटल गौ माता व नंदी का इलाज रातभर जागकर कराया और गायों के तस्करों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर कार्रवाई सुनिश्चित की। वे गांव-गांव जाकर गौ सेवा और संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान भी चलाते हैं।

समिति में रमेश यादव के नेतृत्व में नवागढ़ से गोकुल साहू, संबलपुर से बृजेश सोनी, नांदघाट से अमर वर्मा, मजगांव से देवेन्द्र पांडेय और लक्ष्मीकांत ठाकुर सदस्य के रूप में शामिल हैं।

रमेश यादव ने कहा कि उनका उद्देश्य गाँव-गाँव में गौ सेवा को पहुँचाना, गायों के कल्याण के लिए बेहतर व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करना और समाज में जागरूकता फैलाना है। समिति के सदस्यों के साथ मिलकर वे प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता अभियान और गौशालाओं के संचालन को और प्रभावी बनाएँगे।गौ सेवा आयोग ने समिति के गठन के साथ क्षेत्र में गायों के संरक्षण और संवर्धन को प्राथमिकता देने का संदेश दिया है।



ANANTRA MART ™
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAJISHA TRADERS
सब के लिए सब कुछ
7%* TO 70%* OFF
ON MRP EVERYDAY
FESTIVE OFFER
03 OCTOBER TO 25 OCT.
दिवाली का गिफ्ट
अनंतरा मार्ट पर खुशिओं की लिफ्ट !!
Special Offer MRP ₹1545 Our Price ₹749*
पिजन स्ट्रोम कुकर 3 लीटर
BUY 1 GET 1 FREE
भारतीय मिठाईयां, नमकीन, एवं कुकीज
Come & Discover Something New & Exciting Offers With Us
DRY FRUIT GIFT PACK Starting @ ₹249
HALDIRAM'S GIFT PACKS UPTO 15%
BIKAJI GIFT PACKS UPTO 30%
NAKODA GIFT PACKS UPTO 50%
AKASH GIFTS PACKS UPTO 50%
नाकोड़ा गुलाब जामुन 1 किलो अनंतरा मूल्य ₹99
नाकोड़ा रसगुल्ला 1 किलो अनंतरा मूल्य ₹99
नाकोडा देसी घी डिलाईट लड्डू 400 ग्राम अनंतरा मूल्य ₹149
नाकोडा डबल डिलाइट 1 किलो अनंतरा मूल्य ₹125
नाकोडा काजू कतली 325 ग्राम अनंतरा मूल्य ₹269
नाकोडा काजू कतली 200 ग्राम अनंतरा मूल्य ₹160
परिवार बेसन लड्डू 400 ग्राम अनंतरा मूल्य ₹79
बिकानो ड्राई पेठा 400 ग्राम अनंतरा मूल्य ₹90
बिकानो काजू ढोढा बर्फी 400 ग्राम अनंतरा मूल्य ₹180
बिकानो पंजीरी लड्डू 400 ग्राम अनंतरा मूल्य ₹115
नाकोड़ा आल इन वन मिक्सचर 900 ग्राम अनंतरा मूल्य ₹99
नाकोड़ा पंजाबी मिक्सचर 900 ग्राम अनंतरा मूल्य ₹99
बीकाजी बीकानेरी भुजिया 1 किलो अनंतरा मूल्य ₹195
ब्रिटानिया न्यूट्री चॉइस डाइजेस्टिव 1KG 5N अनंतरा मूल्य ₹125
बोंज़ेलो मिक्स कूकीज UP TO 50% OFF
सर्फ एक्सेल इजी वाश 7 किलो अनंतरा मूल्य ₹649
पूजा मिनी बाथरूम सेट 6 पीस अनंतरा मूल्य ₹479
अल्ट्रा क्लीन ड्रीम स्पिन मोप 360 रोटेटिंग अनंतरा मूल्य ₹499
गाला हाउस सफाई उत्पाद UP TO 40% OFF
बोरोसिल लाराह क्रॉकरी आइटम UP TO 45% OFF
पिजन इलेक्ट्रिक ओवन 9L (M) अनंतरा मूल्य ₹1599
पिजन हॉट केटल 1.5 लीटर अनंतरा मूल्य ₹449
पिजन आयुष बीएलके 2 बर्नर ग्लास कुकटॉप चूल्हा 14892 अनंतरा मूल्य ₹1499
अरिस्तोक्रैट स्ट्रोम ट्राली 3 पीस सेट अनंतरा मूल्य ₹4979
गोल्डन टावर, बोरिया खुर्द, रायपुर, मो. 7880008071
जौहरी हॉस्पिटल, ग्राउंड फ्लोर, भाटागांव, रायपुर, मो. 7880008072
शैलेन्द्र नगर, कटोरा तालाब रोड, रायपुर, मो. 7880008073
लितिषा बिज़नस पार्क, रायपुर रोड, बेमेतरा, मो. 9689968941
Customer Care : 7992 7992 20
FREE HOME DELIVERY
*नियम एवं शर्तें लागू : सभी ऑफर्स सुचना के बिना बदलाव के अधीन हैं| ऑफर सस्टॉक रहने तक | दिखाये गये प्रोडक्ट्स के ग्राफ़िक्स केवल सांकेतिक मात्र हैं | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं |
सभी क्रेडिट, डेबिट कार्ड, एवं युपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |

## खबर संक्षेप



### शिक्षक ने सेवानिवृत्ति पर किया देहदान की घोषणा

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित आदर्श बालक हायर सेकेंड्री स्कूल में पदस्थ व्यायाम शिक्षक मनोज बक्शी ने अपने मूल कर्तव्यो के साथ ही विगत 14 वर्षों से छ.ग.मा. शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा इस विद्यालय में आयोजित होने वाली समस्त बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा,मूल्यांकन के साथ ही छत्तीसगढ़ व्यावसायिक भर्ती परीक्षाओं के प्रभारी रहते हुए अर्धवार्षिक आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। आदर्श बालक विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ,शिक्षकों ने उनके सम्मान में बिदाई सह-सम्मान समारोह आयोजित किए। इस दौरान प्रमुख तौर पर सहायक संचालक सुख सागर कोशल, गौरव साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति , पार्षद राजू साहू के आतिथ्य में आयोजित हुई. कार्यक्रम का आरम्भ में बक्शी ने प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा प्रदान करने वाले अपने गुरुजी नारायण प्रसाद साहू एवं श्याम सुंदर पुरी की विधिवत पूजा अर्चना के साथ शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंट कर प्रारंभ किया।

तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ठाकुर दास जांगड़े, चित्र रेखा ठाकुर ने अपने उद्बोधन में उनके द्वारा किए गए कार्यों का बखान करते हुए भविष्य के लिए सदिच्छा जाहिर की वही सहायक संचालक कोशलेजी ने बक्शी जी के सहयोगात्मक रवैया का प्रशंसा करते हुए कुशल शिक्षक होना बताया, एस.एस.ठाकुर प्राचार्य, महेश साहू, खीर मोहन, संहित अनेक शिक्षकों ने श्री बक्शी के साथ अपने संस्मरणों को साझा किया। जिला शिक्षा कार्यालय,विद्यालय परिवार, शाला विकास समिति व प्राचार्यों ने सेवानिवृति पर श्री बक्शी को प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए ,जीवन की एक नई पारी,नई जिम्मेदारियों के लिए सदिच्छा जाहिर की ।

### डड़सेना कलार समाज की सामाजिक बैठक आज

**कवर्धा।** डड़सेना कलार समाज की बैठक रविवार 12 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 11 बजे से राजमहल कॉलोनी स्थित सामाजिक भवन कवर्धा में होगी। समाज के जिलाध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल ने बताया कि बैठक में जिलेभर के ग्राम प्रमुख, चारों परिक्षेत्रों के पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, संरक्षक आदि उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी 28 को आयोजित होने वाली सहस्त्रबाहु जयंती समारोह की तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी।

### निधन

#### बंटी चावला



**बेमेतरा।** शहर के पूर्व पार्षद हरजिंदर बंटी चावला का आकस्मिक निधन शनिवार हो गया। वे कुछ समय से शारीरिक तौर पर अस्वस्थ थे। उनका उपचार रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा था।




**प्रतियोगिता : अंडर 17 वर्ग बालक व बालिका कोरबा में करेंगे अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन**

# बारगांव से 8 हॉकी खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन, जिले का बढ़ा गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

बेमेतरा जिले के 'खेल गांव' बारगांव के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर हॉकी के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। बारगांव की हॉकी नर्सरी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 8 खिलाड़ियों को 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता के लिए चयनित कराया है। यह प्रतियोगिता 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक कोरबा में आयोजित होने जा रही है। बेरला ब्लॉक क्षेत्र के बारगांव से चयनित ये 8 खिलाड़ी अब दुर्ग ज़ोन का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



इन सभी खिलाड़ियों ने राजनांदगांव में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में अपने कलात्मक, रचनात्मक और उम्दा खेल का दमदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया और राज्य स्तर पर चयनित होने का गौरव प्राप्त किया।

चयनित खिलाड़ी (अंडर-17 वर्ग, बालक वर्ग (4), चिंताराम पटेल , 11वीं, करण लाल, 10वीं , ओमकार निषाद 10वीं, कुलदीप कुमार, 10वीं (हाई स्कूल खर्रा), बालिका वर्ग (4) लोकेश्वरी साहू , 10वीं, ममता पाल, 10वीं , कावेरी साहू , 10वीं खुशी कुर्रे 10वीं।

### बारगांव की मिट्टी में हॉकी का जुनून

व्यायाम शिक्षिका एवं कोच तुलसी साहू ने चयनित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, /"खेल गांव बारगांव की मिट्टी में हॉकी खेल का जुनून रचा-बसा है। कोरबा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 8 खिलाड़ियों का चयन होना अंचल सहित जिलेवासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस सफलता को खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और परिश्रम का सुखद परिणाम बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि ये खिलाड़ी दुर्ग ज़ोन का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने गांव और जिले का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज कराएंगे। प्राचार्य तीक्ष्ण साहू ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू के कुशल मार्गदर्शन में छात्र-छात्राएं निरंतर खेल में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने खुशी जताई कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बारगांव हॉकी मैदान से 20 बच्चों का चयन राज्य स्तर पर होना पूरे अंचल के लिए गर्व की बात है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को 5 ज़ोन (रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर एवं सरगुजा) में बांटा गया है, जिनके बीच रोचक एवं कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

## महंत रामगोपाल दास महाराज छत्तीसगढ़ के सबसे लंबी आयु के वैष्णव संत : डॉ. निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी एवं महंत सुरेन्द्र दास महाराज ने देवरघटा आश्रम पहुँचकर छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक वयोवृद्ध एवं पूज्यनीय संत, महंत श्री श्री 108 श्री रामगोपाल दास महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। 117 वर्ष की दुर्लभ आयु में भी सक्रिय पूज्य महाराज का यह दीर्घायु जीवन उनकी सनातन आस्था, अनुशासन और भक्ति का जीवंत परिणाम है।

पूज्य रामगोपाल दास जी महाराज का जीवन छत्तीसगढ़ की वैष्णव परंपरा और संत संस्कृति का जीवित इतिहास माना जाता है। वे भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी के मित्र और आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी रहे हैं। ऐतिहासिक उल्लेख है कि राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी ने दूधाधारी वैष्णव मठ, रायपुर में पधारकर पूज्य रामगोपाल दास जी से साक्षात भेंट की थी।

इस पावन अवसर पर डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा की पूज्य महंत रामगोपाल दास जी महाराज छत्तीसगढ़ की संत परंपरा के जीवंत प्रतीक हैं। उनका जीवन संतत्व, सादगी और सेवा का आदर्श उदाहरण है। धर्म स्तंभ काउंसिल स्वयं को अत्यधिक सौभाग्यशाली मानती है कि हमें उनके दर्शन और आशीर्वाद का अवसर मिला। डॉ. निर्वाणी ने इस भेंट के दौरान आगामी चौंसठ महंत उत्सव में पूज्य महाराज श्री को सादर आमंत्रित भी किया। उन्होंने कहा कि यह उत्सव छत्तीसगढ़ के मठ-मंदिरों और संत परंपरा की एकता, गरिमा और स्वाभिमान का प्रतीक होगा। महंत सुरेन्द्र दास जी महाराज ने इस आध्यात्मिक मुलाकात पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, देवरघटा आश्रम के पूज्य महाराज छत्तीसगढ़ की साधु परंपरा के वटवृक्ष हैं। उनका सान्निध्य और मार्गदर्शन हम सबके लिए आध्यात्मिक प्रेरणा और दिशा का स्त्रोत है। इस अवसर पर धर्म स्तंभ काउंसिल के अन्य प्रतिनिधियों के साथ-साथ वैष्णव परंपरा से जुड़े अनेक साधु-संत भी उपस्थित रहे।

## आंदू स्कूल में शिक्षक के प्रयास से बागवानी निर्माण



**बेमेतरा।** विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला आंदू में छत्तीसगढ़ शासन के मनसा अनुरूप तथा बेमेतरा जिला कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी की प्रेरणा से शिक्षक आशीषवर्मा ने शाला में अध्ययन कर रहे बच्चों की सहायता से स्कूल परिसर में बागवानी का निर्माण किया गया जिसमें कटहल के 5 पेड़ सीताफल के 5 पेड़ आंवला के 5 पेड़ कचनार के 2 पेड़ नीम के चार पेड़ लगाए गए कुल मिलाकर 21 पेड़ आज बागवानी में लगाए गए पेड़ लगाने के साथ-साथ पेड़ की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक जाली तथा लोहे के तार से घेरा गया 1500 वर्ग फीट में बनाए गए इस बागवानी में और भी वृक्ष लगाए जाने की योजना है इस बागवानी के लगाए जाने के लिए आर्थिक सहायता शिक्षक आशीष वर्मा द्वारा दी गई तथा पहल भी शिक्षक द्वारा की गई थी प्राथमिक शाला के बच्चों ने इस बागवानी को बनाने में अपना श्रमदान दिया शिक्षक आशीष वर्मा ने बताया कि निकट भविष्य में इस बागवानी को और अधिक अच्छे से विकसित करते हुए ।

## रानो स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस



**बेमेतरा।** साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी बालिकाओं का गुलाल लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। शिक्षक अवधराम वर्मा ने इस दिवस के इतिहास को बताते हुए कहा कि इसे सर्वप्रथम 11अक्टूबर 2012 से प्रारम्भ किया गया। शिक्षिका कनकलता सरसुधे ने बताया कि आज बालिकाएं सभी क्षेत्रों में आगे हैं तथा हर जगह अपना परचम लहराया है। इस दिवस का उद्देश्य लड़कियों के सामने आने वाली कठिनाइयों पर प्रकाश डालना तथा उनके अधिकारों और सशक्तिकरण की वकालत करना है। यह सुनिश्चित करना है कि लड़कियों को सफल होने के लिए आवश्यक समर्थन और अवसर मिलें। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने सभी बालिकाओं को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बालिकाओं के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों जैसे शिक्षा, पोषण, बालविवाह, कानूनी अधिकार, चिकित्सा अधिकार आदि के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।




**// ईश्तहार //**
समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय
बेमेतरा जिला बेमेतरा छ.ग.
**//शपथ पत्र//**

मैं एम.डी. अनवर पिता उसमान मोहम्मद उम्र 49 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 21 बाजार पारा बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) का रहने वाला हूँ, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँ-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार हैं।
2. यह कि मेरे पुत्री मनतशा बानो का जन्म जिला चिकित्सालय बेमेतरा दिनांक 27.02.2008 को हुआ. है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बेमेतरा के द्वारा जारी किया गया हैं जिसका पंजीकरण संख्या 132 जारी दिनांक 28.02.2008 हैं।
3. यह कि मेरे पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र में पिता अनंवर मुसलमान व माता अफसाना बेगम दर्ज हैं। जिसे मैं पिता एम.डी. अनवर व माता अफसाना बानो दर्ज कराना चाहता हूँ।
4. यह कि मेरे पुत्री मनतशा बानो के नया प्रमाण पत्र जारी होने के बाद पूर्व जारी जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग नहीं किया जावेगा यदि किया जाता हैं तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी। जो भी कार्यवाही होगी उसके लिए मैं स्वतः जिम्मेदारी रहूंगा।

शपथकर्ता

**// ईश्तहार //**
समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय
बेमेतरा जिला बेमेतरा छ.ग.
**//शपथ पत्र//**

मैं एम.डी. अनवर पिता उसमान मोहम्मद उम्र 49 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 21 बाजार पारा बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) का रहने वाला हूँ, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँः-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार हैं।
2. यह कि मेरे पुत्री आयशा बानो का जन्म वार्ड क्र. 18 बेमेतरा दिनांक 15.04.2010 को हुआ है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बेमेतरा के द्वारा जारी किया गया हैं जिसका पंजीकरण संख्या 310 जारी दिनांक 15.10.2010 हैं।
3. यह कि मेरे पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र में पिता मो. अनवार व माता अफसाना दर्ज हैं जिसे मैं पिता एम.डी. अनवर व माता अफसाना बानो दर्ज कराना चाहता हूं।
4. यह कि मेरे पुत्री आयशा बानो के नया प्रमाण पत्र जारी होने के बाद पूर्व जारी जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग नहीं किया जावेगा यदि किया जाता हैं तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी। जो भी कार्यवाही होगी उसके लिए मैं स्वतः जिम्मेदारी रहूंगा।

शपथकर्ता













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130